दिनांकः 17.03.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर से

लोकसभा चुनाव में इस बार प्रदेश के 5 करोड़ 32 लाख से ज्यादा मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि इनमें 2 करोड़ 77 लाख से अधिक पुरूष और लगभग 2 करोड़ 54 लाख महिला मतदाता हैं। थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या 616 है। वहीं 1 लाख 41 हजार 193 सर्विस मतदाता हैं। चुनाव के लिए इस बार प्रदेशभर में 51 हजार 756 मतदान केंद्र बनाये गये हैं। इसके साथ ही 1 हजार 95 सहायक मतदान केन्द्र भी बनाए गए हैं। इनमें सबसे ज्यादा 2 हजार 611 मतदान केन्द्र बाड़मेर लोकसभा क्षेत्र में हैं। उन्होंने बताया कि 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग श्रेणी के विशेष योग्यजन मतदाताओं को लोकसभा चुनाव में पहली बार होम वोटिंग की सुविधा दी जाएगी।
श्री गुप्ता ने बताया कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने की प्रक्रिया जारी है। लोकसभा आम चुनाव के लिए नामांकन की अंतिम तिथि से 10 दिन पहले तक पूरक सूचियां अपडेट की जाएंगी। निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि वोटर मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए निर्वाचन आयोग के मतदाता सेवा पोर्टल, मतदाता हेल्पलाइन एप और बीएलओ एप का उपयोग कर सकते हैं।
श्री गुप्ता ने बताया कि उम्मीदवार के लिए चुनाव खर्च की सीमा 95 लाख रुपये तय की गयी है। खर्चे की निगरानी के लिए आयोग की ओर से पर्यवेक्षक नियुक्त किये गये हैं। प्रदेश में आदर्श आचार संहिता की पालना के लिए 2 हजार 19 उड़न दस्ते और 2 हजार 70 स्थैतिक निगरानी दलों का गठन किया गया है।
गौरतलब है कि प्रदेश की 25 लोकसभा सीटों में चार अनुसूचित जाति और तीन अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं। वहीं 18 सीटें सामन्य वर्ग के लिए हैं।

....

चुनावों की तारीख की घोषणा के साथ ही प्रदेश में मतदाता जागरुकता के कार्यक्रमों में तेजी आ गयी है। इसी कड़ी में डूंगरपुर में आज जिला निर्वाचन विभाग की ओर से जागरुकता रैली निकाली गई। स्कूली बच्चों और स्काउट्स गाइड्स ने रैली के माध्यम से मतदान करने का संदेश दिया। उधर, बाड़मेर में कल पुलिस की ओर से फ्लैग मार्च निकाला गया। इसमें जिला निर्वाचन अधिकारी और जिला पुलिस अधीक्षक शामिल हुए। फ्लैग मार्च जिला कलेक्ट्रेट से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्गों से गुजरा।

....

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से मतदाता जागरूकता के लिये संदेश श्रृंखला शुरू की गई है। इसमें श्रोता संदेश भेजकर आमजन को वोट डालने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। श्रोता अपने संदेश रिकॉर्ड कर या टाईप कर व्हॉट्सअप नम्बर 94140–52368 पर भेज सकते हैं। चुनिन्दा संदेशों को समाचार बुलेटिनों में स्थान दिया जाएगा। इसी कड़ी में आज सुनिये हमारे एक श्रोता का संदेश –

....

राज्यपाल कलराज मिश्र ने आज जयपुर के श्री गोविंद देव जी मंदिर में विधिवत पूजा और आरती कर प्रदेशवासियों की संपन्नता और खुशहाली की कामना की। राज्यपाल ने भगवान को लगाएं छप्पन भोग की झांकी के भी दर्शन किए। बाद में उन्होंने मंदिर प्रांगण में लगभग दो सौ वर्षों से मनाए जा रहे फागोत्सव में भी भाग लिया। उधर, बाडमेर में भी फागोत्सव का उल्लास चरम पर है। जगह–जगह फाग के आयोजन हो रहे हैं। विदेशी सैलानी भी इनमें बढ़–चढ़ कर भाग ले रहे हैं।

....

प्रदेश में कई स्थानों पर तापमान में बढ़ोतरी होने से गर्मी का असर बढ़ गया है। एक–दो स्थानों को छोड़कर लगभग सभी जगह अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रिकॉर्ड किया गया। मौसम केन्द्र जयपुर से सुबह साढे आठ बजे तक मिले आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटों में सबसे

ज्यादा 35 दशमलव 6 डिग्री सेल्सियस तापमान फलौदी में दर्ज किया गया। इसके अलावा बाड़मेर में 35 दशमलव 5, डूंगरपुर में 34 दशमलव 2, जैसलमेर में 33 दशमलव 5, जोधपुर में 32 दशमलव 5, चित्तौढगढ़ में 32 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया। वहीं राजधानी जयपुर में पारा 30 दशमलव 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

....